जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ/प्रशा/प्रवेश/2012/6003 दिनांक 27/7/12

// अधिसूचना //

प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 26.07.2012 को भण्डारकर कक्ष क्रमांक–16 में अपने निर्धारित समय पर सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

1. यदि किसी गैर प्रवेश परीक्षा आधारित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु स्थान रिक्त है, तो उन छात्रों को उस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए उन छात्रों को भी निर्धारित शुल्क देकर आवेदन की अनुमति दी जा सकती है जिन्होंने उस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन नहीं किया है परन्तु अन्य किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किया है।
2. प्रवेश परीक्षा आधारित पाठ्यक्रमों में से यदि किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु स्थान रिक्त है तो उसमें उन्हीं छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा, जिन्होंने उस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा उस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किया है। यदि फिर भी स्थान रिक्त रहते हैं तो ऐसे छात्र को भी मैरिट के आधार पर प्रवेश की अनुमति निर्धारित शुल्क लेकर दी जा सकती है। जिन्होंने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है परन्तु उस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन नहीं किया है।

   इसके पश्चात् भी किसी पाठ्यक्रम में स्थान रिक्त होने की दशा में उन छात्रों के आवेदन पर भी विचार किया जा सकता है जो प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए परन्तु जिनका नाम मैरिट सूची में नहीं आ सका।
3. प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित स्थानों में कोई परिवर्तन संभव नहीं है।
4. प्रवेश हेतु अंतिम काउन्सिलिंग प्रक्रिया 29.07.2012 को सम्पन्न होने के पश्चात् 30.07.2012 को गैर प्रवेश परीक्षा आधारित पाठ्यक्रमों में रिक्त स्थानों का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा और इन रिक्त स्थानों के लिये 05 अगस्त 2012 तक निर्धारित विलम्ब शुल्क के साथ एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन मंगाये जायेगें। तत्संबंधी प्रवेश हेतु 07 अगस्त 2012 को संबंधित विभागों में काउन्सिलिंग प्रातः 10:30 बजे सम्पन्न की जायेगी।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. प्रो0 एस. के. शुक्ला, समन्वयक, प्रवेश समिति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. विभागाध्यक्ष/समन्वयक/संचालक/अधिष्ठाता विश्वविद्यालय अध्ययनशालाऐं/ अध्ययनकेन्द्र जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. समस्त अधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव(प्रशा0)

D:/Jitendra/Sharma Sir/Letter